## महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का किया गया सम्मान

# जिले की महिलाओं को महतारी वंदन योजना से अब तक मिले 277 करोड़

❒ महतारी वंदन योजना से महिलाएं हो रही आर्थिक रूप से सशक्त- वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी

❒ महिलाओं ने कहा महतारी वंदन योजना का मिला लाभ, साझा की अपनी कहानी खुद की जुबानी



रायगढ़

पीएम नटवर स्कूल, रायगढ़ में आज महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी वर्चुअल रूप से जुड़े रहे। सम्मान समारोह में सासंद राधेश्याम राठिया, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, सुभाष पाण्डेय, शोभा शर्मा, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीपीओ एल.आर. कच्छप सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत खुशी की बात है कि शासन को महतारी वंदन योजना को संचालित करते हुए 10 माह हो गया है और आज हितग्राही महिलाओं का सम्मान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में देश की सबसे बड़ी योजना के माध्यम से आज 70 लाख से अधिक महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है, इसके साथ ही जिले में 3 लाख से अधिक महिलाओं का पंजीयन है वहीं 277 करोड़ से अधिक रुपए सीधे उनके खाते में प्रदान कर महिलाओ को सशक्त करने का कार्य किया गया। जिससे महिलाएं घर की जिम्मेदारी बखूबी निभाने के साथ ही आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि हम सबको मिलकर जिले के विकास के लिए काम करते हुए रायगढ़ को नई ऊंचाई तक पहुंचना है। आज सरकार किसानों के हित में 31 सौ रुपए पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी कर रही। वहीं 18 लाख परिवारों को पीएम आवास से लाभान्वित कर रही है। रामलला दर्शन योजना से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में सड़कों का डामरीकरण किया जा रहा है, रिंग रोड का निर्माण किया जाएगा। जिले एवं शहर में विकास के लिए निरन्तर कार्य किए जायेंगे।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए रायगढ़ में नालंदा परिसर का निर्माण करवाया जा रहा है। इसी प्रकार रायगढ़ में प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हो रहा है, जहां 9 वीं से बारहवीं तक नि:शुल्क शिक्षा के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों की सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि अपने बच्चों को प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए अच्छे से तैयारी करवाएं ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इस विद्यालय का लाभ मिल सके सके। उन्होंने कहा शहर में दीदी सदन के साथ अन्य स्थानों में महिलाओं को बेहतर एवं सुव्यवस्थित भवन प्रदान करने महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है।

लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना का संचालन कर रही है। जिससे निश्चित तौर पर महिलाएं सशक्त हुई है। महतारी वंदन योजना से महिलाएं अपनी छोटी बड़ी जरूरतों को पूरा करने के साथ ही बचत कर पा रही है। बचत की राशि से पेंशन योजना का लाभ ले रही है और बेटियों के नाम पर सुकन्या समृद्धि योजना में जमा कर रही है ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके। मौके पर उन्होंने महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन इंडिया पोस्ट, स्वास्थ्य, आयुष जैसे विभिन्न स्टालों का अवलोकन भी किया। साथ ही उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में हिस्सा लेकर अपना हस्ताक्षर भी किए।

**महिलाओं ने साझा की अपनी कहानी, कहा घर की जिम्मेदारी निभाने के साथ बेटियों का भविष्य हो रहा सुरक्षित**

सम्मान समारोह में हितग्राही महिलाओं ने वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी से योजना का लाभ लेकर उनके जीवन में आए बदलाव को साझा किया। जिसमें रायगढ़ के हीरानगर निवासी नीरा सोनी ने बताया कि महतारी वंदन योजना शासन की बहुत अच्छी योजना है। योजना से मिले पैसे से बच्चों के इलाज करवा रही है साथ ही घरेलू कामों में बहुत सहयोग मिल रहा है। इसी प्रकार कुसमुरा निवासी सुमन चौहान ने कहा कि महतारी वंदन योजना की राशि को बेटी के सुरक्षित भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में जमा कर रही है।

केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड निवासी उषा महंत ने बताया कि वह बस स्टैण्ड में चाय दुकान का संचालन करती है। महतारी वंदन योजना की राशि का उपयोग वह अपने दुकान में करती है जिससे उन्हें जीवन-यापन करने में आसानी हो रही है। दर्रामुड़ा पुसौर निवासी सावित्री यादव ने बताया कि महतारी वंदन योजना की राशि का उपयोग वह बैंक में जमा कर रही ताकि भविष्य में काम आ सके। अर्चना मानिकपुरी ने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिले एक हजार से अपनी दोनों बेटियों के नाम पर 500-500 रुपये सुकन्या समृद्धि योजना में जमा कर रही है। सिविल लाइन दरोगा पारा रूखी बाई यादव ने बताया कि महतारी वंदन योजना की राशि को अपनी नाती-नतनीन पर खर्च करती है, जिससे उन्हें खुशी होती है। रायगढ़ की निरुपमा वैष्णव बताती है कि महतारी वंदन योजना के मिले राशि से अपने बच्चों की ट्यूशन फीस देने के साथ ही बचत राशि का सिलाई मशीन खरीदी है, जिससे वह सिलाई कार्य करती है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्कूली बसों का फिटनेस परीक्षण अनिवार्य

**रायगढ़।** जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूली बसों का फिटनेस परीक्षण अनिवार्य है। जिसके लिए गत दिवस 22 दिसम्बर को जिले के स्कूली बसों की फिटनेस जांच की गई। उक्त दिवस को किसी कारणवश अनुपस्थित बसों के फिटनेस परीक्षण नहीं हो पाया है। ऐसे समस्त स्कूल बसों के संचालक वाहन के समस्त दस्तावेजों के साथ 27 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में उपस्थित होकर बसों का फिटनेस जांच करा सकते है। उक्त निर्धारित तिथि में बस फिटनेस हेतु वाहन प्रस्तुत न करने की दशा में वाहनों को अनफिट मानते हुए प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

### मांड उच्च स्तरीय सेतु पर मरम्मत कार्य जारी

**4 जनवरी 2025 तक भारी वाहनों के आवागमन को किया गया प्रतिबंधित**

**रायगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 216 पर स्थित मांड उच्च स्तरीय सेतु पर मरम्मत कार्य के चलते इस सेतु में परिचालित होने वाली भारी वाहनों के यातायात को 4 जनवरी 2025 तक भारी वाहनों को प्रतिबंधित करते हुए उक्त यातायात को वैकल्पिक मार्ग को रायगढ़ से सराईपाली व्हाया कोड़ातराई-पुसौर-सरिया-बरमकेला-दानसरा होते हुए परिचालित किए जाने हेतु आदेशित किया गया है। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 216 (नया क्र.153)के किमी 27/8-10 में विद्यमान माण्ड उच्च स्तरीय सेतु का मरम्मत कार्य प्रगति पर है। प्रगतिरत कार्य में एक्सपांसन ज्वाइंट बदलने एवं मॉस्टीक एस्फाल्ट का कार्य किए जाने हेतु 22 नवम्बर से 12 दिसम्बर 2024 तक भारी वाहन के लिए ट्रैफिक पूर्णत: बंद करने एवं वाहनों को प्रतिबंध किया गया था। उक्त समयावधि अनुमति के दौरान माण्ड उच्च स्तरीय सेतु का एक तरफ में एक्सपांसन ज्वाइंट बदलने व मॉस्टीक एस्फाल्ट का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा दूसरे तरफ के हिस्से में उल्लेखित कार्य को करने हेतु 15 दिनों के लिए भारी वाहनों को पूर्णत: प्रतिबंध करने एवं वाहनों के प्रतिबंध किए जाने हेतु वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया है।

# सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर श्रम विभाग ने लगाया मेगा कैंप

❒ 21 निर्माणाधीन स्थलों पर 192 श्रमिकों का किया गया पंजीयन

रायगढ़

सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा रायगढ़ जिले में निर्माण स्थलों पर मेगा कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक संचालित किए जा रहे है। जिनका उद्देश्य श्रमिकों को योजनाओं का लाभ देना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। जिसके तहत आज 21 निर्माणाधीन स्थलों पर शिविर लगाकर 192 श्रमिकों का पंजीयन किया गया एवं पंजीयन कार्ड वितरित किया गया।

सहायक श्रमायुक्त रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा निर्माण स्थलों एवं औद्योगिक क्षेत्रों में स्वत: उपस्थित होकर श्रमिकों का तत्काल पंजीयन कर लाभ पहुंचाने से श्रमिकों में उत्साह है। विभाग द्वारा नियमित शिविर लगाया जाकर पंजीयन एवं योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर श्रमिकों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे किसी भी महिला हितग्राही को प्रथम दो प्रसव पर शासन द्वारा 20 हजार रुपये की राशि प्रदाय की जाती है। श्रमिक के बच्चों की पढ़ाई हेतु राशि 1000 से 12 हजार 500 रूपये तक की सहायता राशि प्रदाय की जाती है एवं श्रमिक का बच्चा 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में मेरिट के टॉप-10 में आता है तो विभाग द्वारा 2 लाख रूपये की सहायता राशि प्रदाय की जाती है।

श्रमिक हितग्राहियों की अगर कार्य के दौरान दुर्घटना से मृत्यु होती है तो उनके परिवार को 5 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदाय की जाती है एवं श्रमिक की सामान्य मृत्यु होने पर उनकेउत्तराधिकारी को राशि 01 लाख रुपये प्रदाय किया जाता है। इस दौरान श्रमिकों को यह भी जानकारी दी जा रही है कि श्रमिक स्वयं के द्वारा मोबाईल एप के माध्यम से एवं किसी भी नजदीकी च्वाईस सेंटर में जाकर भी अपना पंजीयन/ योजना आवेदन कर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# ग्राम डूमरपाली में मारपीट से अधेड़ व्यक्ति की मौत : मुख्य आरोपी समेत 3 आरोपियों को चक्रधरनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायगढ़



चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम डूमरपाली में 50 वर्षीय पंचराम सारथी की मौत के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी वीरेंद्र सिंह सिदार और उसके पड़ोसी अजय प्रधान तथा अशोक प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन में हत्या के इस प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर के सुबह चक्रधरनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम डूमरपाली में एक ग्रामीण को कुछ लोगों के द्वारा मारपीट की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल चक्रधरनगर पुलिस मौके पर पहुंची। मारपीट से ग्राम बनोरा निवासी पंचराम सारथी उर्फ बुटू (50 साल) की मौत हुई थी। चक्रधरनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते 03 संदेहियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी वीरेंद्र सिदार और वीरेंद्र सिंह सिदार (50 वर्ष), अजय प्रधान (42 वर्ष) और अशोक प्रधान (44 वर्ष) ने अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि पंचराम को रात करीब 2:00 बजे वीरेन्द्र के घर में घुसा था जिसे वीरेंद्र सिंग जो वही पर सोया हुआ था वो जाग गया और उसे पकड़ लिया इसके बाद पकड़कर अपने पड़ोसियों के साथ मिलकर प्लास्टिक की रस्सी से बांध दिया और डंडों व मुक्कों से पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई।

मृतक के बेटे अर्जुन सारथी (17 साल) के रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में अपराध क्रमांक 574/2024 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस कायम किया गया है, हत्या के आरोप में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। घटना की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है, पुलिस विवेचना में साक्ष्य अनुरूप आगे कार्रवाई की जावेगी।

मामले में त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रशांत राव, सहायक उप निरीक्षक नंदकुमार सारथी, प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू, संजय तिवारी, और आरक्षक अभय यादव , रंजीत भगत ने अहम भूमिका निभाई।

# लैलूंगा क्षेत्र में हाथियों की चहल-कदमी पर वन विभाग अलर्ट

❒ हाथी प्रभावित क्षेत्रों के कच्चे मकान में निवासरत एवं दूरस्थ वन क्षेत्र के रहवासियों को चिन्हांकित कर पहुंचाया गया सुरक्षा कैंप

❒ भोजन, गरम कपड़े, अलाव और रात्रि विश्राम हेतु की गई आवश्यक व्यवस्था

❒ हाथी मितान दल का गठन कर लोगों को किया जा रहा जागरूक, वॉट्सअप ग्रुप मुनादी के माध्यम से हाथियों के मूवमेंट की दी जा रही जानकारी

रायगढ़



रायगढ़ जिले के वन परिक्षेत्र लैलूंगा अंतर्गत हाथियों के चहल-कदमी के फलस्वरूप वन विभाग अलर्ट होकर कार्य कर रही है। हाथी मानव द्वंद की घटनाओं को देखते हुए वन विभाग ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई करते हुए वन परिक्षेत्र लैलूंगा के हाथी प्रभावित क्षेत्र में ऐसे व्यक्तियों को जिनके मकान दूरस्थ वन क्षेत्र में है, कच्चे मकान में निवास करते हैं, ऐसे क्षेत्रों को चिन्हांकन करते हुए आज रात को सुरक्षित स्थल हाथी सुरक्षा कैंप में ठहराया गया है। वन विभाग द्वारा हाथी प्रभावितों के लिए भोजन, गरम कपड़े, अलाव और रात्रि विश्राम हेतु आवश्यक व्यवस्था की गई है। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर हाथी मितान दल का गठन कर के लोगों को जागरूक किया जा रहा है एवं सचेत किया जा रहा है। स्थानीय वॉट्सअप ग्रुप मुनादी के माध्यम से हाथी की सूचना का आदान-प्रदान किया जा रहा है।

हाथी मितान दल द्वारा सतत रूप से हाथी प्रभावित लोगों को या गांव के ग्रामीणों को हाथी आमद की जानकारी दी जा रही हैं एवं गांव के लोग जो जंगल किनारे निवास करते हैं, जिन्हें हाथी प्रभावित कर सकता है उन्हें समझाइश देकर सुरक्षित स्थल या पक्का मकान या शासकीय भवन में पहुंचा कर हाथी से सुरक्षित रखकर उनके भोजन व्यवस्था की जा रही है तथा उन्हें सुरक्षित रहने हेतु समझाईश दी जा रही है। हाथी निगरानी हेतु स्थानीय लोगों को लगाया गया है और वन अमले द्वारा सतत गश्त और ड्रोन द्वारा भी हाथी मूवमेंट की जानकारी ली जा रही है। उप वनमंडलाधिकारी एम.एल.सिदार और वन परिक्षेत्र अधिकारी सूर्यकांत नेताम के द्वारा लैलूंगा वनपरिक्षेत्र में क्लस्टर अप्रोच में ऐसे वलनरेबल मकानों का चिन्हांकन तथा साथ ही अपातकालीन सुरक्षा/रेस्क्यू कैंप की भी पहचान की जा रही है।

# घर में घुसकर मारपीट के दो फरार आरोपियों को जूटमिल पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायगढ़



जूटमिल थाना क्षेत्र में आरटीओ कर्मचारी के घर में घुसकर उत्पात मचाने और मारपीट करने वाले दो फरार आरोपियों को आज जूटमिल पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मामला 16 नवंबर 2024 की रात का है, जब पुनुराम लहरे (54 वर्ष) अपने परिवार के साथ खाना खाकर सो रहे थे। रात करीब 11:30 बजे घर के मुख्य गेट पर जोर-जोर से धक्का मारने और शराब की बोतल टूटने की आवाज सुनाई दी। बाहर जाने पर उन्होंने चार युवकों को देखा, जिनमें बसंत, मोनू और उनके दो साथी मनीष और शेखर शामिल थे, जो शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने गेट तोड़कर घर के अंदर घुसकर ईंट, डंडा और चाकूनुमा हथियारों से हमला कर दिया।

पुनुराम लहरे की रिपोर्ट पर जूटमिल पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और अपराध क्रमांक 471/2024 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 296, 351(2), 115(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने घटना के तुरंत बाद आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम गठित की। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तैनात किए गए। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मोनू टंडन (21 वर्ष) पिता जग्गू टंडन निवासी कयाघाट बाबा कुटी के पास थाना जूटमिल और भीमसेन बसंत उर्फ भोकू (21 वर्ष) पिता प्यारी लाल बसंत निवासी कयाघाट मुक्ति धाम के सामने थाना जूटमिल को उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की, जिसके आधार पर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल एक डंडा और ईंट का टुकड़ा भी बरामद किया। मामले में साक्ष्य अनुरूप धारा 333 बीएनएस जोड़ कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। फरार आरोपियों की जूटमिल पुलिस सघन पतासाजी कर रही थी, जिन्हें आज मुखबीर सूचना पर हिरासत में लिया गया। आरोपी मनीष से घटना में प्रयुक्त कलाई में पहनने का चूडा जप्त किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## सुशासन का एक साल: पशुधन विभाग द्वारा आयोजित हुआ गौपूजन कार्यक्रम

# गौसेवा से जुड़े दानदाताओं का किया गया सम्मान, पशु चिकित्सा शिविर के साथ अनेक गतिविधियां हुई आयोजित

रायगढ़



सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले में दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2024 के बीच विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके तहत गौपूजन कार्यक्रम अंतर्गत गौपूजा एवं गौसेवा करने वालों का सम्मान, गौशाला समितियों की बैठक, गौसेवा से जुड़े दान-दाताओं का सम्मान, पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन, वृक्षारोपण, गौ-उत्पादों की उपयोगिता हेतु जनजागरूकता एवं अन्य गतिविधयां जैसे गाय पर निबंध लेखन, गौ-उत्पाद प्रदर्शनी आदि का आयोजन किया गया। जिसके तहत गौपूजन कार्यक्रम जिले के सभी विकासखण्डों के पशु चिकित्सालय धौराभांठा, बंगुरसिया, विजयनगर, जोबी, पडिग़ांव, पुसौर, धरमजयगढ़, कुडुमकेला, लोईंग, जतरी व साथ-साथ जिले के गौशाला जिसमें चक्रधर गौशाला रायगढ़, आचार्य गौशाला बैसपाली नंदेली, मदन मोहन गौशाला खरसिया, अनंत शांति गौसेवा समिति पोतरा लैलूंगा व आर्य विद्या सभा गौशाला सलखिया में किया गया। साथ ही ग्राम झरना विकासखण्ड तमनार, ग्राम बड़े गुमड़ा विकासखण्ड घरघोड़ा, ग्राम नगोई विकासखण्ड खरसिया, ग्राम कुमरता विकासखण्ड धरमजयगढ़, ग्राम सरवानी विकासखण्ड रायगढ़ व ग्राम पोतरा विकासखण्ड लैलूंगा में गौपूजन एवं विकासखण्ड स्तरीय पशु मेला, उत्सव एवं प्रदर्शनीÓÓ का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से पशुपालन से जुड़ी उन्नत तकनीकों का किसानों के बीच प्रदर्शन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रमों में रायगढ़ जिले में पशुओं का उपचार-366, औषधि वितरण-455, डिवर्मिंग-318, डिटिकिंग-12, बधियाकरण-54, केसीसी (पशुपालन) आवेदन-02, शल्यक्रिया-02,पशुओं का टीकाकरण-290, पशुओं में टैगिंग कार्य- 22, गौसेवकों/ दान दाताओं का सम्मान-206, बैठक/कृषक संगोष्ठी-19, वृक्षारोपण-48 तथा 4 गौ-उत्पाद प्रदर्शन किया गया।

# सुशासन सप्ताह: तहसीलदार ऋण पुस्तिका लेकर पहुंची किसानों तक, बच्चों के गांव पहुंचकर वितरित किए जाति प्रमाण पत्र

❒ 19 से 24 दिसंबर तक जिले में चल रहा सुशासन सप्ताह

रायगढ़



जिले में चल रहे सुशासन सप्ताह में जिला प्रशासन हितग्राहियों तक पहुंच कर उन्हें नागरिक सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। इसी कड़ी में तहसील पुसौर अंतर्गत विभिन्न किसानों को उनके गांव पहुंचकर तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने ऋण पुस्तिका वितरित की। वहीं स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र भी हितग्राहियों के घर पहुंचकर दिए गए।

पुसौर तहसीलदार नेहा उपाध्याय व नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा के साथ आज क्षेत्र के किसान जयकृष्ण, संतोष यादव व परशुराम को ऋण पुस्तिका उपलब्ध कराई, वहीं सुनील कुमार को बी-वन प्रदान किया गया। किसानों ने कहा कि उन्हें ऋण पुस्तिका घर में पहुंचाकर दी गई। इससे धान बेचने एवं कृषि संबंधी अन्य कार्यों में उन्हें समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसी प्रकार ग्राम तड़ोला के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र भी उन्हें उपलब्ध करवाया गया। जिनमें अनिल सिदार, शुभम सिदार व अन्य बच्चों के जाति प्रमाण पत्र शामिल थे। बच्चों के पालकों के साथ गांव के सरपंच ने कहा कि यह खुशी की बात है कि बच्चों के प्रमाण पत्र घर तक पहुंचा कर दिए गए। उन्होंने आभार जताते हुए कहा कि बच्चों के लिए इन जरूरी दस्तावेजों के निर्माण प्राथमिक के साथ त्वरित रूप से किए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में जिले में 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रशासन गांव को ओर थीम के साथ आयोजित इस अभियान में नागरिक सेवाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभागों द्वारा आउटरीच कार्यक्रमों के आयोजन के साथ हितग्राहियों के बीच शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें इन योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480